पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़
सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर - 492002

क्र./पुमु/अअवि/वन्यप्राणी सेल/ 141 A /2022, अटल नगर, दिनांक 21/09/2022

प्रति,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/
समस्त पुलिस अधीक्षक,
रेल- रायपुर सहित (छ0ग0)

विषय :- धार्मिक त्योहारों के दौरान पशुओं की बलि पर रोक लगाने के संबंध में।

संदर्भ :- डॉ. किरण आहूजा BPTh, DNHE Vegan Foods and Nutrition Specialist PETA India का पत्र दिनांक 01.06.2022

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से धार्मिक त्योहारों के दौरान बलि के नाम पर पशुओं की अवैध हत्या पर रोक लगाने, शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही एवं पशुओं के बलि के संबंध में पशु संरक्षण कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ओर से दिए गये समुचित कानून और दिशा-निर्देश का अनुपालन किये जाने हेतु लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष हजारों पशुओं जिसमें गाय, भैंस, बकरियां एवं ऊंट आदि शामिल हैं, ईद-उल-अजहा, दशहरा एवं दुर्गा पूजा आदि त्योहारों के समय पशुओं की बलि दी जाती है। पशुओं को बड़ी संख्या में वाहनों में क्रूरता पूर्वक बलि दिये जाने हेतु अवैध परिवहन किया जाता है, जिस पर नियमित रूप से समुचित कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया है।

पशु कल्याण बोर्ड (AWBI) भारत सरकार द्वारा दिनांक 25 जून 2021 को त्योहारों के पूर्व आवश्यक सावधानी बरतने, बलि एवं पशुओं के अवैध परिवहन रोकने तथा आरोपियों के हिंसक कृत्य पर कानूनी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कृपया अपने-अपने क्षेत्रों में दिये गये दिशा-निर्देशानुसार यथा समय पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पालन प्रतिवेदन से इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्न :- **उपरोक्तानुसार।**

सहायक पुलिस महानिरीक्षक
अ.अ.वि., पु.मु., नवा रायपुर

पृ.क्र./पुमु/अअवि/वन्यप्राणी सेल/ 142-B /2022, अटल नगर, दिनांक 21 /09 /2022

प्रतिलिपि :-

(1) डॉ. किरण आहूजा, BPTh, DNHE Vegan Foods and Nutrition Specialist PETA India F-110, 1st floor, jagdamba Tower Plot No.13, Community Centre Preet Vihar, New Delhi, Pin-110092 की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सादर सूचनार्थ।

(2) पुलिस महानिरीक्षक, रेंज रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा एवं बस्तर-जगदलपुर की ओर कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक पुलिस महानिरीक्षक
अ.अ.वि., पु.मु., नवा रायपुर

Scanned with CamScann